**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 07.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

- **श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम–ईएसआईसी से श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का करेंगे शुभारंभ।**
- **राज्य सरकार ने तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा तथा पान मसाला के निर्माण, भंडारण, बिक्री और वितरण पर एक साल के लिए लगाया पूर्ण प्रतिबंध, आदेश जारी।**
- **झारखंड एकेडमिक काउंसिल की इंटरमीडिएट परीक्षा के तीनों संकायों में छात्राएं हुई टॉपर, सफल विद्यार्थियों को राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई।**
- **रांची से जयपुर के बीच नई साप्ताहिक ट्रेन को रेल मंत्रालय ने दी स्वीकृति, संतरागाछी से खाटीपुरा के बीच चलने वाली इस ट्रेन का रांची समेत झारखंड के कई स्टेशनों पर होगा ठहराव।**
- **राजधानी रांची समेत राज्य के 18 जिलों में अगले तीन दिनों तक बारिश का पूर्वानुमान, मौसम विभाग ने पलामू प्रमंडल को छोड़ राज्यभर में वज्रपात को लेकर जारी किया येलो अलर्ट।**

*******************

श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम–ईएसआईसी से श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का शुभारंभ करेंगे। इस पहल के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल में 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिक स्वास्थ्य जांच करा सकेंगे। यह पहल नए चार श्रम संहिताओं के तहत किए गए सुधारों पर आधारित है, जिनके माध्यम से 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार प्रमुख श्रेणियों में समाहित किया गया है।

*******************

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार किसानों और निर्यातकों की सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। लखनऊ में फल निर्यातकों और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि **'फ्रूट होराइजन 2026'** कार्यक्रम का उद्देश्य देश में फलों के उत्पादन, गुणवत्ता सुधार, प्रसंस्करण और निर्यात को बढ़ावा देना है।

*******************

झारखंड सरकार ने तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा तथा पान मसाला के निर्माण, भंडारण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध एक वर्ष तक प्रभावी रहेगा। सरकार ने यह निर्णय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और संबंधित विनियमों के तहत लिया है। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित दुकानदारों और वितरकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, जुर्माना और जेल की सजा का प्रावधान है।

*******************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में सात योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जामताड़ा ही नहीं पूरे झारखंड में राज्य सरकार विकास, स्वास्थ्य, एवं बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने की दिशा मे लगातार पहल कर रही है और इसका सार्थक परिणाम भी देखने को मिल रहा है।

*******************

केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए फायदेमंद साबित हुई है। आदिवासी बहुल सिमडेगा जिले के सदर अस्पताल में इस योजना का लाभ ले रहे मरीजों ने अपने अनुभवों को साझा किया। बानो प्रखंड के निवासी गुरुचरण सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में उनके दाएं पैर की हड्डी टूट गई थी और आयुष्मान से उनका इलाज संभव हो सका।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पश्चिम बंगाल चुनावों में भाजपा की जीत के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास, त्याग और जनता के विश्वास का परिणाम है। चंपाई सोरेन ने भरोसा जताया कि पार्टी भविष्य में भी जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करती रहेगी।

*******************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार **एक्स** हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news **अंडर स्कोर**_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


*******************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल की इंटरमीडिएट परीक्षा के तीनों संकायों में छात्राएं टॉपर हुईं हैं। साइंस में रशीदा, कॉमर्स में श्वेता और आर्ट्स में छोटी कुमारी ने राज्यभर में टॉप किया है।

झरिया की रशीदा नाज ने सीमित संसाधनों में पढ़ाई करते हुए राज्यभर में साइंस में पहला स्थान हासिल किया है। रशीदा प्रोफेसर बनकर राज्य में शिक्षा की अलख जगाना चाहती हैं।

दुमका जिले के मसलिया प्रखंड के अंकित कुमार ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल की 12वीं कला संकाय परीक्षा में पूरे राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया है। अंकित ने बताया कि उसका लक्ष्य भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाकर देश की सेवा करना है।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोने ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल की इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी है। उन्होंने इसे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम बताते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

*******************

रांची से होकर जयपुर के बीच नई साप्ताहिक ट्रेन सेवा को रेल मंत्रालय से स्वीकृति मिल गई है। इसका परिचालन जल्द शुरू होगा। सांसद संजय सेठ ने इसे क्षेत्रवासियों की लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। यह ट्रेन संतरागाछी से खाटीपुरा के बीच चलेगी और टाटानगर, चांडिल, रांची तथा मुरी सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर इसका ठहराव होगा।

*******************

धनबाद के अपराधी प्रिंस खान गैंग को लेकर पुलिस ने कई खुलासे किए हैं। गैंग के प्रमुख सदस्य सैयद अब्बास नकवी उर्फ सैफी को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर धनबाद लाया गया। धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि सैयद अब्बास नकवी ने करीब तीन दर्जन मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

*******************

राजधानी रांची गोड्डा, कोडरमा, जामताड़ा, सिमडेगा समेत 18 जिलों में अगले तीन दिनों तक बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पलामू क्षेत्र को छोड़ अन्य जिलों में बारिश होगी। वहीं पलामू प्रमंडल को छोड़ राज्यभर में वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

**<u>अखबारों की सुर्खियां</u>**

रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने जैक इंटरमीडिएट रिजल्ट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – टॉप पर बेटियों का राज।

**दैनिक जागरण** के शब्द हैं – रांची की श्वेता बनी कॉमर्स में स्टेट टॉपर।

**प्रभात खबर** और **हिन्दुस्तान** ने पश्चिम बंगाल में शुभेन्दु अधिकारी के पी.ए. की हत्या की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*****************